# फार्म एफ–1
## ((नियम 3 (1)))
## वृहद आर्थिक ढांचा संबंधी विवरण

**अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन**

**1.** राज्य में सकल घरेलू उत्पाद स्थिर भावों (वर्ष 2004–05) पर वर्ष 2008–09 की तुलना में वर्ष 2009–10 में 11.93 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई है । वर्ष 2009–10 में कृषि (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) के सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष की तुलना में 8.36 प्रतिशत वृद्धि हुई । उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2008–09 की तुलना में वर्ष 2009–10 में वृद्धि 11.45 प्रतिशत हुई । सकल घरेलू उत्पाद के सेवा क्षेत्र (तृतीयक क्षेत्र) में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही है, वर्ष 2009–10 में वर्ष 2008–09 की तुलना में यह वृद्धि 14.38 प्रतिशत रही ।

**राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर स्थिर भावों (वर्ष 2004–05) पर**

**2.** वर्ष 2009–10 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 11.93 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई है । सकल घरेलू उत्पाद के प्राथमिक क्षेत्र में 7.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । सकल राज्य घरेलू उत्पाद का द्वितीयक क्षेत्र जिसमें निर्माण, विनिर्माण, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति शामिल है, में वर्ष 2008–09 की तुलना में वर्ष 2009–10 में 13.16 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई । सकल राज्य घरेलू उत्पाद के तृतीयक क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2009–10 में 14.38 प्रतिशत रही ।

**राज्य के वित्त**

**3.** राज्य गठन के पश्चात् प्रारंभिक वर्षो में राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप न होने तथा राज्य के नये स्थापना संबंधी व्यय अधिक होने के कारण राज्य वर्ष 2003–04 तक राजस्व घाटे की स्थिति में रहा । राजस्व घाटा का प्रभाव राज्य के वित्तीय घाटे में पड़ता है, इस कारण राज्य के वित्तीय घाटे में उक्त अवधि में वृद्धि हुई ।

**4.** राज्य के राजस्व आय में वृद्धि हेतु किये गये उपायों के कारण वर्ष 2004–05 से लगातार राज्य राजस्व अधिशेष की स्थिति में रहा है । वर्ष 2008–09 के राजस्व अधिशेष राशि ` 1869.06 करोड़ की तुलना में वर्ष 2009–10 में राजस्व अधिशेष में कमी आई है । वर्ष 2009–10 में राजस्व अधिशेष राशि ` 888.21 करोड़ था । राज्य के राजस्व अधिशेष में कमी राजस्व प्राप्तियों में अपेक्षित वृद्धि न होने तथा राजस्व व्यय में वृद्धि के कारण है ।

**संभावनाएं**

**5.** वर्ष 2010-11 के अग्रिम अनुमानों में प्राथमिक क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, वन एवं खनिज शामिल) में स्थिर भावों (वर्ष 2004-05) पर राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 2009-10 की तुलना में 4.08 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है । राज्य में औद्योगिक उत्पाद बढ़ाने के लिये किये जा रहे प्रयास एवं नवीन औद्योगिक ईकाइयों की स्थापना में हो रही निरंतर वृद्धि के कारण द्वितीयक क्षेत्र के राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 2010-11 में 14.87 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है । इसी प्रकार तृतीयक क्षेत्र में गतवर्ष की तुलना में 13.75 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है । सकल राज्य घरेलू उत्पाद में गत वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2010-11 अग्रिम अनुमानों में 11.57 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है ।

**6.** वर्ष 2011-12 में राजस्व अधिशेष की स्थिति बनी रहने की संभावना है । अन्य बातों के साथ राज्य के कर तथा करेत्तर राजस्व संग्रहण क्षमता में वृद्धि तथा व्यय प्रबंधन में सुधार की संभावना है । छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के निहित प्रावधानों के अनुरूप ही वित्तीय घाटा सीमित रहने की संभावना है ।

**फार्म एफ–1 (निरंतर)**

**वृहद आर्थिक रूपरेखा विवरण**

**आर्थिक कार्य निष्पादन : एक दृष्टि**

**सारणी 1: चुनिंदा व्यापक आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों की प्रवृत्ति**

| | निरपेक्ष मूल्य ( ` करोड़ में) | | | प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09(P) | 2009-10(Q) | 2008-09(P) | 2009-10(Q) |
| **वास्तविक क्षेत्र** | | | | | |
| 1.उत्पादन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | | | | | |
| (क) वर्तमान मूल्य पर | 80255 | 93180 | 109823 | 16.10 | 17.86 |
| (ख) 2004–2005 के मूल्य पर | 63644 | 67972 | 76078 | 6.80 | 11.93 |
| 2. कृषि उत्पादन | 13084 | 11738 | 12719 | -10.29 | 8.36 |
| 3. औद्योगिक उत्पादन | 29094 | 32804 | 36559 | 12.75 | 11.45 |
| 4. तृतीयक क्षेत्र उत्पादन | 21466 | 23430 | 26800 | 9.15 | 14.38 |
| | | | | | |
| | 2009-10 (लेखा) | 2010-11 (पुनरीक्षित अनुमान) | 2011-12 (बजट अनुमान) | प्रतिशत परिवर्तन 2010–11 | प्रतिशत परिवर्तन 2011–12 |
| **सरकार की वित्तीय स्थिति** | | | | | |
| 1 राजस्व प्राप्तियां (2+3) | 18153.65 | 22453.74 | 25809.90 | 23.69 | 14.95 |
| 2 कर राजस्व (2.1+2.2 ) | 11503.91 | 13499.22 | 16034.78 | 17.34 | 18.78 |
| 2.1 राज्य के स्वयं के कर राजस्व | 7123.27 | 8328.98 | 9830.45 | 16.93 | 18.03 |
| 2.2 केन्द्रीय करों में राज्यों का अंश | 4380.64 | 5170.24 | 6204.33 | 18.02 | 20.00 |
| 3 करेतर राजस्व (3.1+3.2 ) | 6649.74 | 8954.52 | 9775.12 | 34.66 | 9.16 |
| 3.1 राज्य के करेतर राजस्व | 3043.00 | 4000.65 | 4310.87 | 31.47 | 7.75 |
| 3.2 केन्द्र के अंतरण | 3606.74 | 4953.87 | 5464.25 | 37.35 | 10.30 |
| 4 पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7) | 2549.91 | 3618.49 | 4576.32 | 41.91 | 26.47 |
| 5 ऋणों की वसूली | 995.47 | 845.40 | 1096.27 | -15.08 | 29.67 |
| 6 अन्य प्राप्तियां | 2.31 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 उधार और अन्य देनदारियां | 1552.13 | 2773.09 | 3480.05 | 78.66 | 25.49 |
| 8 कुल प्राप्तियां (1+4) | 20703.56 | 26072.23 | 30386.22 | 25.93 | 16.55 |
| 9 आयोजनेत्तर व्यय (10+12) | 10460.92 | 12003.41 | 13292.30 | 14.75 | 10.74 |
| 10 राजस्व लेखा | 10447.64 | 11990.74 | 13280.22 | 14.77 | 10.75 |
| जिसमें से : | | | | | |

| | 2009-10 (लेखा) | 2010-11 (पुनरीक्षित अनुमान) | 2011-12 (बजट अनुमान) | प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2010−11 | 2011−12 |
| 11 (क) ब्याज भुगतान | 1094.86 | 1189.73 | 1303.34 | 8.67 | 9.55 |
| (ख) आर्थिक सहायता | 380.23 | 473.11 | 368.06 | 24.43 | -22.20 |
| (ग) मजदूरी और वेतन | 3942.05 | 4705.71 | 5843.50 | 19.37 | 24.18 |
| (घ) पेंशन भुगतान | 1233.76 | 1472.53 | 1621.90 | 19.35 | 10.14 |
| 12 पूंजी खाता | 13.28 | 12.67 | 12.08 | -4.59 | -4.66 |
| 13 योजना व्यय (14+15) | 10449.52 | 14125.76 | 17433.66 | 35.18 | 23.42 |
| 14. राजस्व खाता | 6817.80 | 9387.26 | 11181.55 | 37.69 | 19.11 |
| 15. पूंजीगत खाता | 3631.72 | 4738.50 | 6252.11 | 30.48 | 31.94 |
| 16 कुल व्यय (9+13) | 20910.44 | 26129.17 | 30725.96 | 24.96 | 17.59 |
| 17 राजस्व व्यय (10+14) | 17265.44 | 21378.00 | 24461.77 | 23.82 | 14.42 |
| 18 पूंजीगत व्यय (12+15) | 3645.00 | 4751.17 | 6264.19 | 30.35 | 31.85 |
| 19 राजस्व घाटा (17-1) | -888.21 | -1075.74 | -1348.13 | 21.11 | 25.32 |
| 20 राजकोषीय घाटा (16-(1+5+6)) | 1759.01 | 2830.03 | 3819.79 | 60.89 | 34.97 |
| 21 प्रारंभिक घाटा (20-11 क) | 664.15 | 1640.30 | 2516.45 | 146.98 | 53.41 |

* दिनांक उसी अवधि से संबंधित है जिसकी चालू वर्ष के लिये सूचना उपलब्ध है । तुलना को सुविधाजनक बनाने के लिये पिछले वर्ष की तारीख को चालू वर्ष की उसी अवधि के लिये लिया गया है । तदनुसार अलग-अलग मदों के लिए रिपोर्टिंग अवधि अलग हो सकती है ।